खुहड़ी में भेड़-बकरी पालन किसानों का प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित

दैनिक हिंदुस्तान बोर्डर

जैसलमेर। खुहड़ी — सेवा इंटरनेशनल द्वारा ओरेकल के सहयोग से ग्राम खुहड़ी में भेड़-बकरी पालन किसानों के लिए प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेजसी, बरना, सिपला, चौहानी की ढाणी, देईसर की ढाणी, बीदा, जामडा व खुहड़ी सहित आसपास के गांवों के किसानों ने भाग लिया। सेमिनार में उद्यमिता विषय पर प्रशिक्षक कमल किशोर ने पशुपालन आधारित व्यवसाय की शुरुआत, विस्तार व बाजार से जुड़ाव की जानकारी दी। वहीं माइक्रोफाइनेंस पर रश्मि बिस्सा ने वित्तीय साक्षरता, बचत, छोटे ऋण व सहायता योजनाओं पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग विषय पर प्रशिक्षक भूपेंद्र ने व्हाट्सऐप, फेसबुक व इंस्टाग्राम के माध्यम से उत्पादों के प्रचार-प्रसार व बिक्री बढ़ाने के तरीकों से किसानों को अवगत कराया। कार्यक्रम में सेवा इंटरनेशनल के प्रतिनिधि महावीर सेन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान किसान व वालंटियर मुल्तानराम, दलपत सिंह, महेंद्र सिंह, दिनेश, सवाई सिंह, रवि घुसर, सुनील वर्मा ,विनोद कुमार सैनी ,मनीष कहार एवं पीथ्थाराम सहित अन्य किसान उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। सेमिनार से किसानों को भेड़-बकरी पालन व्यवसाय को सुदृढ़ करने हेतु उपयोगी व व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हुई।